वर्ष-15, अंक-66
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

आनंद वहा नहीं हैं, जहा धन मिल, आनंद तो वहा हैं जहां मन मिले।

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, बुधवार, 12 जून 2024



## मुजफ्फरपुर में शिक्षक के पैन कार्ड पर हुआ 40 करोड़ का GST फर्जीवाड़ा

### केरल और दिल्ली में लिया गया जीएसटी नंबर




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर बड़े स्तर पर चल रहे जीएसटी घोटाले का एक और मामला बिहार में सामने आया है. मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाने के बीएमपी-6 दुर्गापुरी कॉलोनी निवासी निजी शिक्षक राहुल कुमार के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर दिल्ली और केरल में दो अलग- अलग जीएसटी नंबर लिया गया. जिससे 40 करोड़ के जीएसटी का घोटाला किया गया है.जब राहुल कुमार वार्षिक आयकर रिटर्न भरने गए तो उनके वकील ने यह जानकारी दी. इसके बाद उन्होंने जीएसटी कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कमिशनर सत्येंद्र कुमार सिन्हा से मुलाकात की. तब पता चला कि उनके नाम पर 40 करोड़ जीएसटी बकाया है. इस मामले को लेकर राहुल ने मिठनपुरा थाने में जीएसटी फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज कराई.ससे पहले महाराजी पोखर मोहल्ला के मोबाइल मैकेनिक शुभम के नाम पर दिल्ली में 64 करोड़ रुपये का जीएसटी घोटाला किया गया था. इस तरह शहर में अब तक दो मामले सामने आ चुके हैं. शिक्षक राहुल ने पुलिस को बताया है कि उनके पैन कार्ड का इस्तेमाल कर केरल में कोजीकोड़ डिविजन से स्टार इंटरप्राइजेज का जीएसटी नंबर लिया गया है. इस कंपनी ने बड़े पैमाने पर एल्युमुनियम, ब्रांस, कॉपर आदि स्क्रैप व शीट का कारोबार किया है ।

भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी DM को दिया निर्देश

## कहा-किसी को ना झेलनी पड़े बिजली और पानी की समस्या, इस बात का ख्याल रखें



**पटना,** बिहार में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान हैं। हीट वेव से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दिन पर दिन गर्मी बढ़ती ही जा रही है। अभी और 3 दिन हीट वेव का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने 14 जून तक के लिए अलर्ट जारी किया है। वही 15 से 16 जून से मौसम सामान्य होने की संभावना भी जतायी है। 3 दिन बिहार के ज्यादातर जिले एक्सट्रीम हीट वेव की चपेट में रहेंगे। मौसम विभाग के साथ-साथ आपदा प्रबंधन विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से परहेज करने को कहा है। बिहार में पड़ रहे भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग और राज्य के सभी जिलाधिकारी समुचित कार्रवाई करे। गांव हो या शहर सभी जगह बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे। संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखने और सभी अस्पतालों में उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिया है। सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखने को कहा है। साथ ही भूजल स्तर पर भी नजर रखने को कहा है। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। वही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं तथा जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। गांव हो या शहर सभी जगहों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरूक करते रहें और संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें। वही सीएम नीतीश ने सीतामढ़ी में बागमती नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया में बागमती नदी में 3 बच्चों के डूबने से हुई मृत्यु दुःखद। इस घटना में लापता एक अन्य बच्चे की समुचित खोजबीन जारी रखने का निर्देश दिया है। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रू0 अनुग्रह अनुदान देने को कहा है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है।

गड्ढे में गिरी पटना से देवघर जा रही तेज रफ्तार कार

## हादसे में अंदर बैठे तीन युवकों की मौत



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** जमुई, जमुई में बड़ा सड़क हादसा हुआ है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है. जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई-देवघर मुख्य मार्ग स्थित अंडीडीह गांव के पास मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई. जिससे कार पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घटना के बाद इसकी सूचना चंद्रमंडीह थाना की पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कार से तीनों शव को बाहर निकाला गया. वहीं दुघर्टना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए.पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मोबाइल के माध्यम से परिजनों को दी गई है. कार सवार तीनों युवकों की पहचान पटना के गोरीया टोला के रहने वाले अमन, संतोष और नवादा के गोरेलाल यादव है. सभी जमुई के बरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत खादीग्राम निवासी डॉक्टर रामप्रसाद यादव के पुत्र पप्पु यादव के मित्र और संबंधी भी है.बताया जा रहा है कि कार सवार युवक पटना से देवघर की ओर जा रहे थे. तभी चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई-देवघर मुख्य मार्ग स्थित अंडीडीह गांव के पास कार की तेज रफ्तार होने के कारण वो नियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई. जिससे कार पर सवार तीनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई.

## गोलियों की आवाज से थर्राया छपरा

### बदमाशों ने वकील पिता और बेटे को उतारा मौत के घाट, दोनों जा रहे थे कोर्ट




छपरा- बिहार में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह आए-दिन हत्या, लूटपाट जैसी बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला छपरा जिले से सामने आया है, जहां पर अज्ञात बदमाशों ने अधिवक्ता पिता और बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुदही पुल के पास की है। मृतकों की पहचान राम अयोध्या प्रसाद यादव और उनके सुनील कुमार राय के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अधिवक्ता राम अयोध्या प्रसाद अपने पुत्र सुनील कुमार के साथ अपने घर मेथवालिया से छपरा कचहरी जा रहे थे तभी दूधिया पुल के निकट पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने पिता और पुत्र पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें दोनों की मौके ही पर मौत हो गई हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा पिता-पुत्र को छपरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले पर सारण के एसपी आशीष कुमार का कहना है कि जमीन विवाद के चलते दो लोगों की हत्या की गई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।वहीं, इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सीतामढ़ी में बड़ा हादसा

### बागमती नदी में डूबने से चार बच्चो की डूबकर दर्दनाक मौत




**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ सीतामढ़ी,** सीतामढ़ी से आ रही है जहां बड़ा हादसा हो गया है, बागमती नदी में डूबने से चार बच्चा की डूबकर दर्दनाक मौत, गाँव में छाया मातम, सुप्पी प्रखंड के अख्ता गांव की घटना।

## शिवहर में बियर के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

### 16 कार्टून अंग्रेजी शराब, दो कार्टून बियर




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ शिवहर,** एसपी अनंत कुमार राय के निर्देश पर नगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 16 कार्टून अंग्रेजी शराब, एक बोरा नेपाली शराब व दो कार्टून बियर के साथ दो शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार। नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चमनपुर से शराब व चार चक्का वाहन के साथ दो कारोबारी को किया गिरफ्तार, मचा हड़कंप। शराब के साथ- नगर थाना अध्यक्ष सह- इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह, एसआई लखेन्द्र महतो व भरत सिंह मौजूद।

## शिवहर में डीपीएम का वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

### जान की कोई हानि नहीं



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** शिवहर, डीपीएम का वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, स्वास्थ्य विभाग की डीपीएम मुक्ता भारती के गाड़ी का उड़ा परखच्चे, पहले बिजली के पोल से टकराई फिर एक पेड़ से जा कर टकराई, सभी लोग सुरक्षित, तरियानी के गौरीशंकर मठ की घटना।